राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आदित्य और ऋषिका का चयन

ज्ञानोदय स्कूल के हैं ये खिलाड़ी, रांची और कोहिमा में होगी प्रतियोगिता

शहडोल, देशबन्धु। छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने और खेल प्रतिभाओं को निखारने में संभाग में अपनी पहचान बना चुकी शहडोल की अशासकीय ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो शहडोल के लिए गौरव की बात है। इन चयनित युवा खिलाड़ियों ने गत दिवस कलेक्टर से भी मुलाकात की जिस पर कलेक्टर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिता में सफल होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

सहायक संचालक खेल हाजी रईस अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि अशासकीय ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र आदित्य विश्वकर्मा का चयन 19 वर्ष आयु वर्ग बालक भाला फेक (जैवलिन थ्रो) एथलेटिक्स में राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रांची (झारखंड) में 25 से 28 नवंबर तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता छतरपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें एथलेटिक्स भाला फेंक में आदित्य विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर मध्य प्रदेश की टीम में अपना स्थान बनाया है। सहायक संचालक खेल हाजी रईस अहमद ने यह भी बताया कि इसी तरह अशासकीय ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल की ही कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा

ऋषिका वर्मा का भी चयन 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका में सीपक टकरा खेल में शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता कोहिमा (नागालैंड) में 25 से 27 नवंबर तक आयोजित होगी। ऋषिका वर्मा ने भी छतरपुर में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके मध्य प्रदेश टीम में स्थान प्राप्त किया है।

खेल संचालक श्री अहमद ने यह भी बताया कि

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल के ही कक्षा दसवीं के एक अन्य छात्र मोहम्मद बिलाल ने 19 वर्ष आयु वर्ग बालक में गोला फेक (शाटपुट) में शानदार प्रदर्शन कर तृतीय स्थान तो प्राप्त किया लेकिन वे मध्य प्रदेश की टीम में जगह नहीं बना पाए।

आगे पदक प्राप्त करें-कलेक्टर

शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों ने गत दिवस शहडोल के कलेक्टर डॉ.केदार सिंह से भेंट की और उन्हें अपनी उपलब्धियां से अवगत कराया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी ऐसे ही मेहनत कर अच्छा प्रदर्शन करें और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर पदक प्राप्त कर देश और शहडोल का नाम रोशन करें।

इन्होंने दी बधाई

इन खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग सहदेव सिंह मरावी, उप संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग उमेश कुमार धुर्वे, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल, डॉ एम एल पाठक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शहडोल आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, संचालक ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल अजय सिंह, प्राचार्य श्रीमती रेखा सिंह, पीटीआई शिवानी नामदेव व युवराज सिंह और खेल व युवा कल्याण विभाग शहडोल के कोच धीरेंद्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके आगे सफल होने की कामना की है। इन खिलाड़ियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण और खेल सुविधा देने में ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल के संचालक अजय सिंह, पीटीआई शिवानी नामदेव और पीटीआई युवराज सिंह का विशेष योगदान है।यहां यह भी उल्लेखनीय है, कि शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल संभाग अंतर्गत शहडोल, उमरिया और अनूपपुर के स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत आने वाली विभिन्न अशासकीय स्कूलों के खिलाड़ियों ने शहडोल संभाग की टीम में हिस्सा लिया था, जिसमें ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में यह सफलता हासिल की है।

घटिया निर्माण की खबर प्रकाशित होने पर बौखलाये ठेकेदार के कर्मचारी पत्रकार को दी धमकी

पन्ना,देशबन्धु। शाहनगर विकासखन्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामपुर खजरी में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा करीब पचपन लाख की लागत से उपस्वास्थ केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकें निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा था। जिसको लेकर क्षेत्रीय पत्रकारों द्वारा समाचार प्राकशित किये गये थें। उक्त मामले को लेकर ठेकेदार द्वारा संबंधित पत्रकारों को धमकाया गया था। इसी मामले को लेकर क्षेत्रीय पत्रकारों नें एसडीएम तथा थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संजय त्रिपाठी, अजय विश्वकर्मा, दीपक शर्मा, जय प्रकाश पान्डेय, विनोद पाठक,

जितेन्द दुबे, मदन तिवारी, चरणजीत बंजारा, प्रियप्रकाश तिवारी, गजेन्द्र सिंह, रामशरण सिंह, अमर सिंह, धीरज बैन कपिल मिश्रा आदि।

वरिष्ठ नागरिकों ने निःशुल्क आयुष्मान कार्ड

पन्ना,देशबन्धु। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 70 वर्ष और अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र पन्ना में सुबह 9 से 12 बजे तक बनाए जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक नियत स्थान पर आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर एवं समग्र आईडी के साथ उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने 70 प्लस आयु पूर्ण कर चुके सभी वरिष्ठ नागरिकों से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने और अपने आधार कार्ड को अपडेट कराने एवं केवाईसी करवाने का भी आग्रह किया है।

सार-समाचार

रूंज बांध में प्रभावित गरीबों को नहीं मिली मुआवजा राशि

राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

पन्ना,देशबन्धु। जिले की अजयगढ़ तहसील अन्तर्गत ग्राम विश्रामगंज के पास रूंज बांध परियोजना का कार्य चल रहा है, जिसमें सैकड़ों गरीब, किसानों की जमीन घर, मकान डूब क्षेत्र में आ गयें थें तथा उन्हें शासन द्वारा विस्थापित किया गया। लेकिन संबंधित प्रभावितों को लगभग 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। अनेक परिवार मुआवजा राशि पूरक आवार्ड पानें के लिए परेशान है। उनके द्वारा अनेकों बार निर्माणाधीन कंपनी का कार्य भी रोका गया तथा शासन प्रशासन से मुआवजा राशि दिलायें जाने की मांग की गई। लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, उक्त मामले को लेकर युवक कांग्रेस पदाधिकारी सचिन, भरत मिलन पान्डेय के नेत्रत्व में ग्रामीणों द्वारा एसडीएम कायालय अजयग? पंहुचकर राष्टपति महोदय के नाम ज्ञापन सौपा है तथा राशि दिलायें जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन द्वारा भा?ा मजदूरी, भत्ता तीन हजार रूपये निर्धारित किया था, तथा पूर्व से निर्धारित केन्द्र सरकार की गाईड लाईन के अनुसार सभी आवश्यक वस्तुओं का मुआवजा देने की मांग की गई है।

अनियंत्रित हो कर कार पलटी, हुई क्षतिग्रस्त

पन्ना,देशबन्धु। पन्ना पहाड़ीखेड़ा रोड बृजपुर के पास एक कार अनियंत्रित हो कर बुरी तरह पलट गई, जिसमें चालक को मामूली चोटे आई है, लेकिन कार बुरी तरह छतिग्रस्त हुई है, उक्त कार बीआर 39 ऐजी 7462 बिहार पासिंग गाड़ी है, जिसें चालक अमित कुमार शाह, चला रहा था, पन्ना से पहाड़ी खेड़ा की ओर जा रहा था, जो बृहस्ततकुड के समीप पलट गई थी।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत निश्चित समयावधि में नागरिकों को मिलेंगी अधिसूचित सेवाएं

पन्ना,देशबन्धु। मध्यप्रदेश में 25 सितम्बर 2010 से लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम प्रभावशील है। वर्तमान में अधिनियम अंतर्गत 748 सेवाएँ अधिसूचित की जा चुकी हैं। इन सेवाओं में लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों के लिए 342 सेवाएँ ऑनलाईन प्रदाय की जा रही हैं। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए समाधान एक दिन तत्काल सेवा, सीएम हेल्पलाईन 181 कॉल सेन्टर, महिला हेल्पलाइन इत्यादि भी संचालित हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पृथक से लोक सेवा प्रबंधन विभाग का गठन किया गया। वर्ष 2013 में राज्य लोक सेवा अभिकरण की स्थापना की गई। लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को एक समयावधि में सेवाएँ प्रदाय करने के लिए सभी तहसीलों में लोकसेवा केन्द्रों की स्थापना की गई है, जिनके माध्यम से विभिन्न विभागों की अधिसूचित सेवाएँ नागरिकों को प्रदाय की जा रही हैं। प्रत्येक सेवा को प्रदाय करने की एक समयावधि भी तय की गई है। इसमें समय पर सेवा नहीं देने पर जिम्मेदार अधिकारी पर जुर्माना लगाने का प्रावधान भी है। लापरवाही की स्थिति में अधिकारियों पर प्रतिदिन 250 रूपये से पांच हजार रूपये तक की जुर्माना राशि लगाने का प्रावधान है।

समाधान एक दिन तत्काल प्रदाय सेवा

नागरिकों को केवल एक दिन की समयावधि में सेवा उपलब्ध कराने की मंशा से मध्यप्रदेश शासन ने फरवरी 2018 में समाधान एक दिन तत्काल सेवा व्यवस्था शुरू की।

तहसील कार्यालय परिसर में किया पौध रोपण

पन्ना,देशबन्धु। तहसील कार्यालय परिषर अजयगढ में अरुणोदय संस्थान के द्वारा लघु उद्यान वाटिका के तहत वृक्षा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार, थाना प्रभारी रवी जादौन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री नागवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान तहसील कार्यालय परिषर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया तथा लोगो को पौधा भी वितरित किये गये। अरूणोदय संस्था की फील्ड मैंनेजर रूबल पाण्डेय नें कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षा रोपण करना चाहिए। हमारी संस्था द्वारा लगातार बृक्षा रोपण किया जा रहा है।

उन्होने बताया कि जैविक खेती और गोवर आधारित देशी खाद का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहीए तथा पौधो का संरक्षण करना भी सभी की जिम्मेवारी है। एसडीएम श्री नागंवशी नें पौधो के महत्व तथा पर्यावरण शुद्ध वायु के संबंध मे विस्तार से बताया। इस दौरान तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार नें कहा कि तहसील परिषर में बाउन्ड्री बाल बनीं है उन्हे संरक्षित करने की हम सभी की जिम्मेवारी है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से प्रचार्य उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बीमारियों की रोकथाम के लिए टीकाकरण कार्य 15 नवम्बर से

पन्ना,देशबन्धु। पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना योजना अंतर्गत बाघों की सुरक्षा के दृष्टिगत पार्क परिधि से लगे ग्रामों के कुत्तों में कैनाइन डिस्टैम्पर वायरस तथा अन्य सात बीमारियों की रोकथाम के लिए आगामी 15 नवम्बर से टीकाकरण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

वर्ष 2024-25 में तकनीकी प्रस्ताव अनुसार 7 दिसम्बर तक 18 ग्रामों में तथा 2 से 25 जनवरी तक शेष 18 ग्रामों में टीकाकरण किया जाएगा। पन्ना टाइगर रिजर्व कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार 15 नवम्बर को ग्राम मझगवां, 16 नवम्बर को हिनौता, 17 नवम्बर को कैमासन, 18 नवम्बर को ब?ौर, 19 नवम्बर को दरेरा, 20 नवम्बर को उमरावन, 21 नवम्बर को मड़ैयन, 22 एवं 23 नवम्बर को जरूआपुर, 25 नवम्बर को मनौर, 26 नवम्बर को बकचुर, 27 नवम्बर को

चनेनी, 28 नवम्बर को नहरी, 29 नवम्बर को हरसा, 30 नवम्बर एवं 2 दिसम्बर को झिन्ना, 3 एवं 4 दिसम्बर को सब्दुआ, 5 दिसम्बर को भापतपुर, 6 दिसम्बर को सलैया और 7 दिसम्बर को बगौहा में टीकाकरण होगा, जबकि 9 दिसम्बर से एक जनवरी तक बूस्टर टीकाकरण की तिथि निधारित की गई है। इसी तरह 2 जनवरी को ग्राम कटरिया, 3 जनवरी को मरहा, 4 जनवरी को खमरी, 6 जनवरी को ककरा-मुटवा, 7 जनवरी को कचनारी, 8 एवं 9 जनवरी को खजुरी कु?ार, 10 जनवरी को माझा, 11 जनवरी को दहलान चौकी, 13 जनवरी को रानीपुर, 14 जनवरी को सरकोहा, 15, 16 एवं 17 जनवरी को अजयग?, 18 जनवरी को राजापुर, 20 जनवरी को बतासा, 21 जनवरी को पाठा, 22 जनवरी को रायपुर टपरियन एवं बनहरी खुर्द, 24 जनवरी को बनहरी कला तथा 25 जनवरी को ग्राम म?ला में टीकाकरण होगा। बूस्टर टीकाकरण की तिथि 27 जनवरी से 19 फरवरी तक निर्धारित है।

पांच माह बाद गवाह ने जमीर की सुनी और पकड़ा गया हत्यारोपी

युवक की हत्या का खुलासा, आरोपी की धमकी के चलते चुप रहा चश्मदीद गवाह

शहडोल, देशबन्धु। कोतवाली थाना क्षेत्र के मुड़ना नदी में करीब साढ़े पांच माह पहले मिले शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस केस की सुलझावट घटना स्थल पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी की सूचना से हुई। ग्राम कोयलारी के निवासी राम नागर (30) 26 मई 2024 को अपने परिचित भानू प्रताप सोनवानी और एक अन्य व्यक्ति के साथ नहाने के लिए मुड़ना नदी गया था, जहां उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी।

हाल में एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसने उसी दिन नदी किनारे राम नागर और भानू प्रताप के बीच पैसों को लेकर हुए विवाद को देखा था, जिसमें भानू ने कथित रूप से राम नागर की गला दबाकर हत्या कर दी और सिर पानी में डुबो दिया। घटना के बाद आरोपी ने गवाह को धमकी दी, जिससे वह इतने समय तक चुप रहा। आखिरकार, अपराधबोध के कारण वह पुलिस तक पहुंचा और पूरी घटना बताई।

इस बयान के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी भानू प्रताप सोनवानी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक उपेंद्र त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी, राकेश बागरी, प्रधान आरक्षक मायाराम, और आरक्षक गिरीश मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

ज्वाला धाम की गद्दी से ही चल रही ग्राम पंचायत की बागडोर

करकेली जनपद के देवगवा खुर्द रसूख दार सचिव की कहानी

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले की करकेली जनपद पंचायत में एक अजीबो गरीब कहानी उभर कर सामने आ रही है । बताया जाता है कि इस पंचायत में पदस्थ भंडारी सिंह की ताजपोशी जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान में देवगवा खुर्द में किया गया है , इसके पूर्व आप समीपस्थ ग्राम पंचायत पठारी और उसके पहले उचेहरा में पदस्थ रहकर चांदी काट रहे हैं । बताया जाता है कि ज्वाला धाम के बड़े महराज जी के नाम से प्रसिद्ध सचिव विगत दो दशक से बड़े महराज जी की कुर्सी पर आसीन रहकर पंचायत सचिव की कमान संभाल रहे हैं , यद्यपि यह पद अवैतनिक है और कोई भी माता रानी की सेवा कर सकते हैं इस पर किसी कों कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए ,

लेकिन हर एक शासकीय कर्मचारी की एक मर्यादा होती है उसकी हदों मे रहते हुए न कि शासकीय सेवा शर्तों को दर किनार करते हुए , लेकिन यहां पर तो शासकीय सेवाओं को कुतके पर रख।पर यहां पर जो चल रहा है हर एक सामान्य को आश्चर्य चकित कर रहा है । इनकी शानो-शौकत और दिन दुगना रात चौगुना हो रहे तरक्की से लगता है कि इन पर न सिर्फ ज्वाला माता की कृपा बरस रही बल्कि उमरिया जिले में पदस्थ आलाकमान अधिकारियों की कृपा भी इन पर लगातार बरसती नजर आ रही है । बताया जाता है कि ज्वाला धाम में अकूत धन राशि चंदे के रूप में प्राप्त होती ,जिसका हिसाब -किताब के मालिक यही सचिव जी सम्हालते है । कहा जाता है कि जब यह सचिव महोदय उचेहरा ग्राम पंचायत में थे तब इन्होंने ज्वाला धाम में हुए कामों के लिए ग्राम पंचायत और ज्वाला धाम दोनों जगह से निर्माण कार्यों की राशि आहरित की गयी है , लेकिन यह मामला बहुत पुराना है और शायद जिला प्रशासन इस मामले को तह खाने में जा चुका है ।

यातायात पुलिस द्वारा आटो, ई-रिक्शा वाहन चालकों पर की गयी कार्यवाही

पन्ना,देशबन्धु। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु एंव यातायात नियमो का पालन न करने वाले आटो, ई-रिक्शा चालको पर थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा अपने यातायात स्टाफ के साथ ओव्हर लोड 12 ऑटो, ई-रिक्शा चालकों पर कार्यवाही की जाकर 12 हजार पांच सौ रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी।

तथा एम.व्ही.एक्ट के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 7हजार 500 रुपये वसूल किये गये। इस प्रकार कुल 32 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बीस हजार

रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। उक्त कार्यवाही में यातायात सहायक उपनिरीक्षक महेश तिवारी, प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह, सहित यातायात स्टाप उपस्थित रहा।

जनसुनवाई में आए 14 आवेदन

पन्ना,देशबन्धु। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में 14 आवेदन आए। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर बऱी संख्या में आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया।

हीरा नीलामी चार दिसम्बर से

पन्ना,देशबन्धु। पन्ना जिले की उथली हीरा खदानों से प्राप्त हीरों की नीलामी आगामी 4 दिसम्बर से प्रारंभ होगी। हीरों का घोष विक्रय हीरा अधिकारी कार्यालय, संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन पन्ना में प्रतिदिन हीरों की नीलामी तक जारी रहेगा। सुबह 9 से 11 बजे तक हीरों के निरीक्षण उपरांत बोली की जाएगी। नीलामी में उज्ज्वल, मैले एवं औद्योगिक किस्म के लगभग 78 हीरे रखे जाएंगे। इनका कुल वजन लगभग 221.07 कैरेट तथा अनुमानित कीमत लगभग 3 करो? 53 लाख 27 हजार 186 रूपए है। इसके अलावा कुछ सेंट से कुछ कैरेट वजन वाले कई छोटे ब? किस्म के हीरों की नीलामी भी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी दूरभाष क्रमांक 07732-252017 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।